# आज हम खेलेंगे वृंदावन में होली भजन लिरिक्स

आज हम खेलेंगे,
वृंदावन में होली,
कान्हा के संग खेलेंगे,
हम फूलों वाली होली।bd।

तर्ज – आज हम नाचेंगे राधे के।

---

होली का त्योहार है आया,
रंगों की बौछार है लाया,
रंगों की बौछार है लाया,
पीले लाल गुलाबी रंग के,
पीले लाल गुलाबी रंग के,
फूलों वाली होली,
आज हम खेलेंगें,
वृंदावन में होली।bd।

---

फागुन की मस्ती है न्यारी,
झूम रहे है सब नर नारी,
झूम रहे हैं सब नर नारी,
बरखा करते हुरियारे सब,
बरखा करते हुरियारे सब,
भर रंगों की झोली,
आज हम खेलेंगें,
वृंदावन में होली।bd।

---

वृंदावन में धूम मची है,
हर मंदिर की गली सजी है,
हर मंदिर की गली सजी है,
उड़ रहा खूब गुलाल पुजारी,
उड़ रहा खूब गुलाल पुजारी,
डालें भर के थाली,
आज हम खेलेंगें,
वृंदावन में होली।bd।

---

रंग होली उत्सव प्यारा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

फूलों से महके हर द्वारा,
फूलों से महके हर द्वारा,
माथे तिलक लगा के “श्याम”कहे,
माथे तिलक लगाके श्याम कहे,
सभी मनाओ होली,
आज हम खेलेंगें,
वृंदावन की होली।bd।

---

आज हम खेलेंगे,
वृंदावन में होली,
कान्हा के संग खेलेंगे,
हम फूलों वाली होली।bd।

स्वर एवम लेख – घनश्याम मिढ़ा भिवानी।
संपर्क – 9034121523

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com